No. of Printed Pages : 3+3 **बी.एच.डी.ई.-107 / ई.एच.डी.-7**

**बी.एच.डी.ई.-107**

01786

**स्नातक उपाधि कार्यक्रम**

**सत्रांत परीक्षा**

**जून, 2016**

**ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी**

**बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी संरचना**

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *खण्ड क में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । खण्ड ख अनिवार्य है ।*

**खण्ड क** *4×15=60*

1. भाषा-संरचना से क्या अभिप्राय है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

2. व्यंजन ध्वनियों की उच्चारणात्मक विशेषताएँ बताइए ।

3. पदबंध के बारे में समझाते हुए क्रिया पदबंध और क्रिया-विशेषण पदबंध पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ।

4. शब्द और पारिभाषिक शब्द में अंतर बताते हुए पारिभाषिक शब्दावली-निर्माण की प्रक्रिया को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

5. पारिवारिक संरचना रिश्ते-नाते के शब्दों को कैसे प्रभावित करती है ? हिन्दी में मूलभूत रिश्ते-नातों से सम्बद्ध शब्द-प्रयोगों का विवेचन कीजिए ।

6. मिश्र वाक्य की संकल्पना स्पष्ट करते हुए उसके प्रकार भी उदाहरण-सहित विस्तार से बताइए ।

7. देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता के बारे में बताते हुए देवनागरी के गुण-दोष भी बताइए ।

8. मुहावरा और लोकोक्ति में अंतर स्पष्ट करते हुए लोकोक्ति के प्रमुख अभिलक्षणों का उदाहरण-सहित विवेचन कीजिए ।

## खण्ड ख

9. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर उदाहरण-सहित टिप्पणी लिखिए : *4×5=20*

(क) उपसर्ग

(ख) अ-लोप

(ग) हिन्दी वर्तनी की समस्याएँ

(घ) संकर शब्द

(ङ) सर्वनाम शब्दों का सामाजिक संदर्भ

(च) प्रोक्ति

(छ) वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर प्रकाश डालिए : *4×5=20*

(क) हिन्दी की साहित्यिक शैलियाँ

(ख) लक्षक शब्द और लक्ष्यार्थ

(ग) लाँग (भाषा व्यवस्था) और पेरोल (भाषा-व्यवहार)

(घ) हिन्दी में वाच्य

(ङ) समास-प्रक्रिया में शब्द-निर्माण

(च) कोड-मिश्रण

(छ) सुर, तान तथा अनुतान

ई.एच.डी.-7

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# सत्रांत परीक्षा
# जून, 2016

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## ई.एच.डी.-7 : हिन्दी भाषा की संरचना

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *खण्ड क में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ख अनिवार्य है ।*

### खण्ड क

1. मुख्य क्रिया से क्या अभिप्राय है ? इसे स्पष्ट करते हुए इसके विभिन्न प्रकारों पर उदाहरण-सहित प्रकाश डालिए । *15*

2. 'मुहावरा' और 'लोकोक्ति' में अंतर स्पष्ट करते हुए मुहावरे के प्रमुख अभिलक्षणों को सोदाहरण समझाइए । *15*

3. हिन्दी के शब्द-निर्माण में उपसर्गों की भूमिका का उल्लेख उदाहरण-सहित कीजिए । *15*

4. 'प्रोक्ति' से आप क्या समझते हैं ? इसके प्रमुख लक्षणों का परिचय दीजिए । *15*

5. भाषा में ध्वनि और वर्ण के सामंजस्य को उदाहरण देकर समझाइए। 15

6. संरचना के आधार पर पदबंधों का वर्गीकरण कीजिए। 15

7. वाक्य किसे कहते हैं ? अर्थ के आधार पर वाक्यों का वर्गीकरण किस प्रकार किया जाता है ? समझाइए। 15

8. हिन्दी में नाते-रिश्ते की शब्दावली पर एक निबन्ध लिखिए। 15

9. देवनागरी के मानकीकरण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए। 15

10. लिपि के विकास की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन कीजिए। 15

## खण्ड ख

11. उपयुक्त उदाहरण देते हुए निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *5×5=25*

(क) पदबंध

(ख) अ-लोप

(ग) नासिक्य और मौखिक व्यंजन

(घ) बलाघात

(ङ) हिन्दी वर्तनी की समस्याएँ

(च) विशेषण पदबंध

(छ) संकर शब्द

(ज) देवनागरी लिपि के गुण-दोष

(झ) समास

(ञ) हिन्दी में वाच्य